साँवरिया सुन ले करुण पुकार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार,
क्यूँ चुप बैठा देख रहा है,
क्यूँ चुप बैठा देख रहा,
तेरी कटती गायें हजार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार।।

तर्ज भगत के वश में है भगवान।

गाय जननी है हमारी,
कान्हा तूने समझाया,
दिया उसे माँ का दर्जा,
इतना था प्यार लुटाया,
तड़प तड़प कटने को बिकती,
तड़प तड़प कटने को बिकती,
रूपए चंद हजार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार।।

बिताया बचपन तूने,
गाय का माखन खाकर,
कहाया गोपाला तू,
गायों को ही चराकर,
छोड़ दिया लावारिस उनको,

छोड़ दिया लावारिस उनको,
अब क्यों पालनहार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार।।

बेजुबां इस प्राणी ने,
ऐसा तेरा क्या बिगाड़ा,
हुआ है निष्ठुर कितना,
किया क्यों तूने किनारा,
मूक बनाया तूने उनको,
मूक बनाया तूने उनको,
कैसे करे गुहार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार।।

अपने बेबस नैनो से,
तुझे है गाय पुकारे,
आएगा मोहन मेरा,
वो तेरी बाँट निहारे,
लाचारी ऐसी क्या तेरी,
लाचारी ऐसी क्या तेरी,
क्यों बनते अनजान,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार।।

साँवरिया सुन ले करुण पुकार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार,
क्यूँ चुप बैठा देख रहा है,

क्यूँ चुप बैठा देख रहा,
तेरी कटती गायें हजार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार,
सांवरिया सुन ले करुण पुकार।।

Singer : Anil Sharma

Source: https://www.bharattemples.com/sawariya-sun-le-karun-pukar/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw